पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

# राज्यपाल जी की अध्यक्षता में राजभवन में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी उत्तर प्रदेश राज्य शाखा की वार्षिक सामान्य बैठक सम्पन्न

———————

## रेड क्रॉस समिति के सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलाधिकारियों, संस्थाओं तथा सदस्यों को राज्यपाल महोदय द्वारा सम्मानित किया गया

———————

## आपदा की स्थिति में प्रभावित गांवों तक अग्रिम सहायता व आवश्यक राशन सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करें

———————

## विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों में रक्तदान हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाए

———————

## गर्भवती महिलाओं को शत–प्रतिशत संस्थागत डिलीवरी हेतु किया जाए जागरूक

———————

## सभी सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेज तथा विश्वविद्यालयों में रेडक्रॉस की स्थापना के निर्देश

**–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

———————

## सभी जनपदों में रेड क्रॉस सक्रियता से कार्य करने के साथ–साथ सदस्यता भी बढ़ाएं

**–उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक**

————————

लखनऊ : 16 जुलाई, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी उत्तर प्रदेश राज्य शाखा की वार्षिक सामान्य बैठक सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी हेतु सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलाधिकारियों को सम्मानित करते हुए राज्यपाल जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आपदा की स्थिति में रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा प्रभावित गाँवों तक अग्रिम सहायता व आवश्यक राशन सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराना चाहिए, जिससे आपदा पीड़ितों

तक ससमय सहायता पहुँच सके। उन्होंने संस्था द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान से किसी का जीवन बचाया जा सकता है अतः संस्था द्वारा लगाए जाने वाले शिविरों में ज्यादा से ज्यादा यूनिट रक्तदान हेतु लोगों को प्रेरित कर जागरूकता का प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों में रक्तदान हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि संस्था द्वारा ऐसे कार्य किये जाए, जिससे किसी समस्या का पूर्ण निदान संभव हो।

आज सम्मानित होने वाले जिलाधिकारियों में जिलाधिकारी पीलीभीत श्री पुलकित खरे, जिलाधिकारी बहराइच श्री दिनेश चंद्र, जिलाधिकारी बुलंदशहर श्री चंद्र प्रकाश सिंह, जिलाधिकारी मेरठ श्री दीपक मीणा के प्रतिनिधि के तौर पर मुख्य विकास अधिकारी मेरठ, जिला अधिकारी वाराणसी श्री कौशल राज शर्मा के प्रतिनिधि के तौर पर डॉक्टर अजय कुमार, जिलाधिकारी गोंडा डॉ0 उज्जवल कुमार, जिलाधिकारी गाजीपुर श्री मंगला प्रसाद सिंह के प्रतिनिधि के तौर पर डॉ संजय त्रिपाठी, जिलाधिकारी आजमगढ़ श्री विशाल भारद्वाज आदि शामिल रहे। इसके साथ–साथ उत्कृष्ट सेवा पदक हेतु जिलाधिकारी बागपत श्री जितेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी बलिया श्री रविंद्र कुमार, जिलाधिकारी श्रावस्ती श्रीमती नेहा प्रकाश, जिलाधिकारी जौनपुर श्री रविंद्र कुमार मंदार, तत्कालीन जिलाधिकारी देवरिया श्री अखंड प्रताप सिंह को सम्मानित किया गया।

राज्यपाल जी ने प्रत्येक जनपद के हर गांव को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किये जाने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने आंगनवाड़ी जाकर गर्भवती महिलाओं को शत प्रतिशत संस्थागत डिलीवरी हेतु जागरूक किये जाने, विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर स्त्री विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा फीडिंग के बारे में जागरूकता अभियान चलाए जाने तथा रक्तदान शिविरों में रक्तदाताओं की सूचीयुक्त डायरी बनाए जाने के निर्देश दिए। राज्यपाल जी ने सभी सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेज तथा अन्य विश्वविद्यालय में रेड क्रॉस की स्थापना के निर्देश दिए। बैठक के

दौरान उपस्थित रेड क्रॉस संस्था के विभिन्न जनपदों की प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव तथा सुझाव भी साझा किये।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व रेड क्रॉस राज्य शाखा उत्तर प्रदेश के सभापति श्री ब्रजेश पाठक जी ने सभी जनपदों में संस्था की सक्रियता के साथ–साथ सदस्यता बढ़ाए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा आपदा व सामान्य स्थिति में मदद पहुंचाने के साथ–साथ तत्परता से प्रभावी कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि 64 जिलों में रेड क्रॉस समिति का गठन हो चुका है तथा 2023–24 में 3018 यूनिट रक्त सरकारी ब्लड बैंक को उपलब्ध कराया जा चुका है, उन्होंने प्राथमिक चिकित्सा हेतु विभिन्न स्कूलों में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिए जाने की भी बात की ।

बैठक में समिति के विभिन्न एजेंडों पर विस्तृत चर्चा के दौरान 31 अक्टूबर 2022 की वार्षिक सामान्य बैठक की कार्यवाही एवं अनुपालन आख्या, पूर्ववर्ती वर्ष 2023–24 की वार्षिक रिपोर्ट की प्रस्तुति, वर्ष 2023–24 के लिए लेखा परीक्षित वार्षिक लेखों की प्रस्तुति, वर्ष 2023–24 के लिए बजट अनुमानों की प्रस्तुति और उन पर विचार करना तथा लेखों के संकलन और प्रमाणन के प्रयोजनार्थ आगामी वर्ष के लिए कानूनी लेखा परीक्षक की नियुक्ति आदि के संदर्भ में सदस्यों द्वारा विचार किया गया तथा अनुमोदन प्राप्त किया गया।

बैठक में रेड क्रॉस समिति की विभिन्न जनपदों में विविध क्षेत्रों यथा स्वास्थ्य, कुष्ठ रोग निवारण, रक्तदान, प्राथमिक चिकित्सा, टीवी मुक्त भारत, कुपोषण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संदर्भ में किए जा रहे कार्यों की विस्तृत चर्चा की गई तथा रिपोर्ट राज्यपाल जी के समक्ष प्रस्तुत की गई। बैठक में रेड क्रॉस के भविष्य की योजनाओं तथा रणनीतियों पर भी विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा स्कूली बच्चों हेतु 100 सेट पुस्तक राज्यपाल जी को प्रदान किए गए तथा राज्यपाल महोदय द्वारा बटन दबाकर रेड क्रॉस के ब्लड

बैंक का शिलान्यास किया गया व ''उत्तर प्रदेश में रेड क्रॉस के बढ़ते कदम'' पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान रेड क्रॉस संस्था के विविध कार्यों में संलिप्त सक्रिय संस्थाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया। इस क्रम में देवरिया से मारवाणी युवा मंच तथा राम अवतार केडिया चैरिटेबल ट्रस्ट को राज्यपाल जी ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवा पदक हेतु रेड क्रॉस के विभिन्न जनपदों के 28 सदस्यों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डा. पंकज एल. जानी, इंडियन रेड क्रॉस समिति उत्तर प्रदेश राज्य शाखा के उपसभापति श्री अखिलेन्द्र शाही, महासचिव डॉ0 हिमाबिंदु नायक, कोषाध्यक्ष श्री अरुण कुमार सिंह तथा रेड क्रॉस राज्य शाखा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए हुए पदाधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

---

कृष्ण कुमार—सूचना अधिकारी
डॉ0 संगीता चौधरी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र—9454468250




इण्डियन रेडक्रॉस सोसाइटी
वार्षिक सामान्य बैठक